प्रेषक,

निदेशक,
प्रशिक्षण निदेशालय,
उ0प्र0, लखनऊ।

सेवा में,

समस्त प्रधानाचार्य,
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः /टी–2/1514/2026, दिनांक सितम्बर, 2026

विषयः राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2026–27 के लिए प्रशिक्षण एवं अन्य गतिविधियों के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक समस्त राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण कार्य के अतिरिक्त प्रशिक्षण सत्र के दौरान अन्य शैक्षिक गतिविधियों के संबंध में निर्धारित कार्यक्रमों को समयान्तर्गत लागू किये जाने हेतु माहवार कार्यक्रमों की सूची आपको इस निर्देश के साथ संलग्नकर प्रेषित है कि प्रशिक्षण के अतिरिक्त संलग्न तालिका में माहवार कार्यक्रमों का आयोजन एवं माह के अन्त में प्रशिक्षार्थियों, अनुदेशकों तथा कार्यदेशकों की प्रगति रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप पर पूर्ण कर निदेशालय को ई–मेल पर प्रत्येक माह के अन्तिम कार्य दिवस पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

उक्त कार्य में किसी भी अधिकारी/कर्मचारी की लापरवाही परिलक्षित होती है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(अभिषेक सिंह)
निदेशक

पत्रांकः /टी–2/1514/2026, तद्दिनांकित।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग उ0प्र0 शासन लखनऊ।
2. समस्त मण्डलीय संयुक्त निदेशक, उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्त के क्रम में अपने स्तर से कार्यक्रम/गतिविधियों को कराना सुनिश्चित करें।

(अभिषेक सिंह)
निदेशक

Digitally signed by
ABHISHEK SINGH
Date: 21-09-2026
10:42:32

**व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग**
**(उत्तर प्रदेश)**
**प्रशिक्षण निदेशालय के अधीन राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों हेतु**
**वार्षिक प्रशिक्षण एवं गतिविधि कैलेण्डर – प्रशिक्षण सत्र 2026-27**

| क्र० सं० | माह/ अवधि | दिनांक | दिवस/प्रमुख गतिविधि | गतिविधि एवं विस्तृत कार्यवाही/कार्यक्रम | अपेक्षित परिणाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ओरिएंटेशन सप्ताह (21-22 सितम्बर 2026) | 21 सितम्बर 2026) | नवप्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों का स्वागत एवं प्रशिक्षण/रोजगार अवसरों की जानकारी | प्राचार्य/प्रभारी द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को संस्थान, संबंधित ट्रेड, कार्यशाला, संस्थान के नियम एवं अनुशासन, उपस्थिति, छात्रवृत्ति, डिजिटल लॉगिन, परीक्षा, अप्रेंटिसशिप, रोजगार एवं उच्च शिक्षा की प्रक्रिया की जानकारी दी जाए। प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी की प्रशिक्षण प्रारम्भ होने के समय की प्रारम्भिक स्थिति एवं मूलभूत विवरण संकलित कर अभिलेखित किया जाए। प्रतिष्ठित उद्योगों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित कर प्रशिक्षण उपरान्त उपलब्ध रोजगार एवं अन्य अवसरों की जानकारी दी जाए। | प्रशिक्षणार्थियों को संस्थान की कार्यप्रणाली, प्रशिक्षण व्यवस्था, उपलब्ध सुविधाओं तथा प्रशिक्षण उपरान्त रोजगार, अप्रेंटिसशिप एवं उच्च शिक्षा के अवसरों की जानकारी प्राप्त होना। |
| | | | उच्च शिक्षा एवं कैरियर मार्गदर्शन | राजकीय पॉलिटेक्निक, प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रधानाचार्य/विशेषज्ञ, स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर IT। प्रशिक्षण के उपरान्त उच्च शिक्षा एवं कैरियर के विभिन्न अवसरों के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया जाए। | प्रशिक्षणार्थियों को उच्च शिक्षा एवं विभिन्न कैरियर विकल्पों की जानकारी प्राप्त होना तथा भविष्य के लिए उचित लक्ष्य निर्धारित करने में सहायता मिलना। |
| 2 | | 22 सितम्बर 2026 | परस्पर परिचय, अनुभव साझा एवं उत्कृष्ट प्रशिक्षणार्थियों का सम्मान | नवप्रवेशित एवं पूर्व से प्रशिक्षणरत प्रशिक्षणार्थियों का आपसी परिचय कराया जाए। वरिष्ठ प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रशिक्षण से संबंधित अनुभव साझा किए जाएं। गत वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम तीन प्रशिक्षणार्थियों को सम्मानित किया जाए। संस्थान के Brand Ambassador एवं Startup करने वाले प्रशिक्षणार्थियों द्वारा अपने अनुभव साझा किए जाएं। | प्रशिक्षणार्थियों में आत्मविश्वास, आपसी समन्वय एवं संस्थान के प्रति जुड़ाव की भावना विकसित होना तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं उद्यमिता के लिए प्रेरणा प्राप्त होना। |
| | | | सांस्कृतिक, वाद-विवाद एवं प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम | नवप्रवेशित एवं प्रशिक्षणरत प्रशिक्षणार्थियों को सम्मिलित कर गीत, संगीत, कहानी एवं चुटकुले आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। तकनीकी शिक्षा के पक्ष एवं विपक्ष में वाद-विवाद कराया जाए। तकनीकी शिक्षा के महत्व एवं भविष्य में इसकी उपयोगिता पर व्याख्यान तथा प्रश्नोत्तरी सत्र आयोजित किया जाए। | प्रशिक्षणार्थियों में रचनात्मकता, अभिव्यक्ति कौशल, तार्किक चिंतन एवं आत्मविश्वास का विकास तथा तकनीकी शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न होना। |

| क्र० सं० | माह/ अवधि | दिनांक | दिवस/प्रमुख गतिविधि | गतिविधि एवं विस्तृत कार्यवाही/कार्यक्रम | अपेक्षित परिणाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 28 सितम्बर | विश्व रेबीज दिवस | रेबीज से बचाव, पशु द्वारा काटे जाने पर तत्काल प्राथमिक उपचार एवं सुरक्षित व्यवहार के प्रति जागरूकता।<br>विस्तृत कार्यवाही: प्रशिक्षणार्थियों को रेबीज रोग के कारण, संक्रमण के संभावित माध्यम, कुत्ते/अन्य पशु के काटने या खरोंचने की स्थिति में तत्काल अपनाई जाने वाली सावधानियों तथा समय पर चिकित्सकीय परामर्श एवं टीकाकरण के महत्व की जानकारी दी जाए। पशुओं के साथ सुरक्षित व्यवहार, अनावश्यक संपर्क से बचाव तथा पालतू पशुओं के जिम्मेदार रख-रखाव के संबंध में भी जागरूक किया जाए। | प्रशिक्षणार्थियों में रेबीज से बचाव, पशु के द्वारा काटने/खरोंचने पर तत्काल उचित कार्रवाई, सुरक्षित व्यवहार तथा समय पर चिकित्सकीय सहायता लेने के प्रति जागरूकता में वृद्धि। |
| 4 | अक्टूबर 2026 | 02 अक्टूबर | गांधी जयन्ती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयन्ती | स्वच्छता, श्रम की गरिमा, अनुशासन एवं राष्ट्र निर्माण।<br>विस्तृत कार्यवाही: गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के विचारों को स्वच्छता, श्रम की गरिमा, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण से जोड़ा जाए।<br>कार्यक्रम में गतिविधि: स्वच्छता अभियान, श्रमदान, परिसर निरीक्षण, विचार गोष्ठी और स्वच्छता/अनुशासन संकल्प। | स्वच्छ एवं अनुशासित ITI परिसर, श्रम के सम्मान तथा नागरिक उत्तरदायित्व की भावना में वृद्धि। |
| 5 | | 11 अक्टूबर | अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस | स्वच्छता, श्रम की गरिमा, अनुशासन एवं राष्ट्र निर्माण।<br>विस्तृत कार्यवाही: गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के विचारों को स्वच्छता, श्रम की गरिमा, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण से जोड़ा जाए।<br>कार्यक्रम में गतिविधि: स्वच्छता अभियान, श्रमदान, परिसर निरीक्षण, विचार गोष्ठी और स्वच्छता/अनुशासन संकल्प। | महिला प्रशिक्षणार्थियों में आत्मविश्वास, सुरक्षा जागरूकता, कौशल एवं रोजगार के प्रति स्पष्टता। |
| 6 | | 2 अक्टूबर से 15 अक्टूबर | संस्थान स्तर खेल प्रतियोगिता | प्रत्येक राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षणार्थियों के मध्य विभिन्न निर्धारित खेल विधाओं में संस्थान स्तर की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए। प्रशिक्षणार्थियों की प्रतिभागिता सुनिश्चित करते हुए खेलवार टीम/व्यक्तिगत स्पर्धाओं का गठन, प्रतियोगिताओं का निष्पक्ष संचालन एवं विजेता प्रतिभागियों का चयन किया जाए। प्रतियोगिता के दौरान अनुशासन, खेल भावना एवं सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए तथा चयनित प्रतिभागियों/टीमों को आगामी जिला/जोन स्तर की प्रतियोगिताओं हेतु तैयार किया जाए। 15 अक्टूबर, 2026 को कॉन्वोकेशन कार्यक्रम भव्य रूप से मनाया जाये/ संस्थानों में संचालित व्यवसायों में प्रथम तीन सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रशिक्षार्थियों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा पुरस्कृत कराया जाय। | प्रशिक्षणार्थियों में शारीरिक स्वास्थ्य, अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता एवं खेल भावना का विकास तथा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें आगामी स्तर की प्रतियोगिताओं हेतु चयनित एवं तैयार करना। |
| 7 | | 31 अक्टूबर | राष्ट्रीय एकता दिवस | सरदार पटेल के योगदान पर चर्चा एवं एकता शपथ।<br>विस्तृत कार्यवाही: सरदार पटेल के योगदान, राष्ट्रीय एकता एवं विविधता में एकता के महत्व को ITI के प्रशिक्षण एवं कार्यस्थल अनुशासन से जोड़ा जाए।<br>कार्यक्रम में गतिविधि: एकता शपथ, परिचर्चा, पोस्टर/स्लोगन, समूह गतिविधि और एकता मार्च/मानव श्रृंखला (संस्थान की सुविधा अनुसार)। | राष्ट्रीय एकता, टीमवर्क और सामाजिक समरसता की भावना मजबूत होना। |

| क्र० सं० | माह/ अवधि | दिनांक | दिवस/प्रमुख गतिविधि | गतिविधि एवं विस्तृत कार्यवाही/कार्यक्रम | अपेक्षित परिणाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 02 नवम्बर से 09 नवम्बर | जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता | संस्थान स्तर पर चयनित प्रशिक्षणार्थियों/टीमों की प्रतिभागिता सुनिश्चित करते हुए निर्धारित खेल विधाओं में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए। प्रतियोगिताओं का निष्पक्ष संचालन, प्रतिभागियों का प्रदर्शन मूल्यांकन एवं विजेता खिलाड़ियों/टीमों का चयन किया जाए। | प्रशिक्षणार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना, अनुशासन, टीम भावना एवं खेल कौशल का विकास तथा मण्डल स्तर हेतु प्रतिभाशाली खिलाड़ियों/टीमों का चयन। |
| 9 | | 14 नवम्बर | बाल दिवस | Technical model, creativity एवं प्रतिभा प्रदर्शन।<br>विस्तृत कार्यवाही: प्रशिक्षणार्थियों की तकनीकी समझ, creativity और problem-solving को प्रदर्शित करने के लिए मॉडल, working projects, prototypes एवं creative work प्रदर्शित किए जाएं।<br>कार्यक्रम में गतिविधि: Technical model/project exhibition, live demonstration, jury evaluation और प्रतिभा प्रस्तुति। | रचनात्मकता, तकनीकी आत्मविश्वास, प्रस्तुति एवं problem-solving skills में वृद्धि। |
| 10 | नवम्बर 2026 | 19 नवम्बर से 21 नवम्बर | मण्डल स्तरीय खेल प्रतियोगिता | जिला स्तर पर चयनित खिलाड़ियों/टीमों को मण्डल स्तरीय खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराया जाए। निर्धारित खेल विधाओं में प्रतियोगिताओं का आयोजन कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों/टीमों का चयन आगामी जोनल स्तर हेतु किया जाए। | प्रशिक्षणार्थियों की खेल प्रतिभा को उच्च स्तर पर प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होना तथा जोनल स्तर हेतु श्रेष्ठ खिलाड़ियों/टीमों का चयन। |
| 11 | | 26 नवम्बर | संविधान दिवस | संविधान, मौलिक कर्तव्य, समान अवसर एवं नागरिक उत्तरदायित्व।<br>विस्तृत कार्यवाही: संविधान की प्रस्तावना, मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य, समान अवसर एवं नागरिक उत्तरदायित्व को प्रशिक्षणार्थियों के दैनिक जीवन और कार्यस्थल से जोड़ा जाए।<br>कार्यक्रम में गतिविधि: प्रस्तावना वाचन, संविधान क्विज, मौलिक कर्तव्य चर्चा, poster/essay तथा जिम्मेदार नागरिकता गतिविधि। | संवैधानिक मूल्यों, समान अवसर और नागरिक कर्तव्यों की समझ मजबूत होना। |
| 12 | | 29 नवम्बर से 30 नवम्बर | जोनल स्तर खेल प्रतियोगिता | मण्डल स्तर पर चयनित खिलाड़ियों/टीमों को जोनल स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कराया जाए। विभिन्न खेल विधाओं में प्रतियोगिताओं का आयोजन एवं प्रदर्शन के आधार पर प्रदेश स्तर हेतु खिलाड़ियों/टीमों का चयन किया जाए। | खिलाड़ियों में उच्च स्तरीय प्रतिस्पर्धा का अनुभव, खेल कौशल में वृद्धि तथा प्रदेश स्तर हेतु श्रेष्ठ खिलाड़ियों/टीमों का चयन। |

| क्र० सं० | माह/ अवधि | दिनांक | दिवस/प्रमुख गतिविधि | गतिविधि एवं विस्तृत कार्यवाही/कार्यक्रम | अपेक्षित परिणाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 13 | दिसम्बर 2026 | 03 दिसम्बर | अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस | समावेशी कौशल एवं समान अवसर।<br>विस्तृत कार्यवाही: दिव्यांगजन के लिए inclusive skill training, accessible workplace, समान अवसर और रोजगार में सहयोग की जानकारी दी जाए।<br>कार्यक्रम में गतिविधि: समावेशी कौशल पर व्याख्यान, sensitization activity और career support discussion। | समावेशी वातावरण, संवेदनशीलता और समान अवसर के प्रति जागरूकता। |
| 14 | | 10 दिसम्बर | मानवाधिकार दिवस | कार्यस्थल पर सम्मान, समानता एवं अधिकार/कर्तव्य।<br><br>विस्तृत कार्यवाही: कार्यस्थल पर समानता, सम्मान, गरिमा, भेदभाव-रहित व्यवहार तथा अधिकार एवं कर्तव्यों की जानकारी दी जाए।<br>कार्यक्रम में गतिविधि: Workplace dignity session, case study, role play और grievance/support mechanisms की जानकारी। | सम्मानजनक, सुरक्षित एवं समान कार्यस्थल व्यवहार की समझ। |
| 15 | | 14-12-2026 से 16-12-2026 | प्रदेश स्तरीय खेल प्रतियोगिता | जोनल स्तर पर चयनित खिलाड़ियों/टीमों की प्रदेश स्तरीय खेल प्रतियोगिता में प्रतिभागिता सुनिश्चित की जाए। विभिन्न खेल विधाओं में प्रतियोगिताओं का आयोजन कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया जाए। | प्रशिक्षणार्थियों को प्रदेश स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होना तथा उत्कृष्ट खिलाड़ियों को प्रोत्साहन एवं राज्य स्तर पर पहचान प्राप्त होना। |
| 16 | | दिसम्बर | Industry Visit-I | वास्तविक industrial environment, machinery, quality एवं safety practices का अवलोकन।<br>विस्तृत कार्यवाही: Industry Visit-I में चयनित उद्योग के वास्तविक production/workflow, machinery, quality systems, safety, maintenance और workplace practices का पूर्व-निर्धारित learning objective के साथ अवलोकन कराया जाए।<br>कार्यक्रम में गतिविधि: पूर्व-भ्रमण briefing, industry visit, machinery/process observation, industry expert interaction और post-visit reflection। | वास्तविक industrial environment की समझ, practical exposure और industry expectations से बेहतर alignment। |
| 17 | जनवरी 2027 | 23 जनवरी | नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती | राष्ट्र सेवा, नेतृत्व एवं देशभक्ति पर परिचर्चा।<br>विस्तृत कार्यवाही: नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के नेतृत्व, राष्ट्रसेवा एवं अनुशासन से प्रेरणा लेते हुए leadership और देशभक्ति पर संवाद कराया जाए।<br>कार्यक्रम में गतिविधि: परिचर्चा, भाषण, biography presentation, नेतृत्व केस-स्टडी और देशभक्ति गीत/सांस्कृतिक गतिविधि। | नेतृत्व, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना का विकास। |

| क्र० सं० | माह/ अवधि | दिनांक | दिवस/प्रमुख गतिविधि | गतिविधि एवं विस्तृत कार्यवाही/कार्यक्रम | अपेक्षित परिणाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 18 | | 26 जनवरी | गणतंत्र दिवस | ध्वजारोहण, सांस्कृतिक/शैक्षिक कार्यक्रम एवं संविधान आधारित गतिविधियां।<br>विस्तृत कार्यवाही: गणतंत्र दिवस पर संविधान, स्वतंत्रता एवं गणतांत्रिक मूल्यों से जुड़े शैक्षिक कार्यक्रमों के साथ ।T। की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाए।<br>कार्यक्रम में गतिविधि: ध्वजारोहण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, संविधान क्विज, तकनीकी प्रदर्शनी और उपलब्धि प्रस्तुति। | राष्ट्रीय भावना, संवैधानिक मूल्यों और संस्थान की उपलब्धियों के प्रति गौरव। |
| 19 | | 30 जनवरी | शहीद दिवस | महात्मा गांधी जी एवं अन्य स्वतंत्रता संग्राम के बलिदान पर श्रद्धांजलि।<br>विस्तृत कार्यवाही: महात्मा गांधी एवं स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानों को स्मरण करते हुए सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और राष्ट्रसेवा के मूल्यों पर चर्चा की जाए।<br>कार्यक्रम में गतिविधि: श्रद्धांजलि, मौन, विचार गोष्ठी, essay/quiz और स्वच्छता/सेवा गतिविधि। | देशभक्ति, सेवा, स्वच्छता और नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता। |
| 20 | फरवरी 2027 | 28 फरवरी | राष्ट्रीय विज्ञान दिवस | Science, innovation, projects एवं Industry 4.0।<br>विस्तृत कार्यवाही: Science, innovation, projects और Industry 4.0 के माध्यम से वैज्ञानिक सोच एवं तकनीकी समस्या-समाधान को प्रोत्साहित किया जाए।<br>कार्यक्रम में गतिविधि: Science exhibition, project demonstration, innovation challenge, quiz और विशेषज्ञ व्याख्यान। | वैज्ञानिक दृष्टिकोण, innovation और project-based learning में वृद्धि। |
| 21 | मार्च 2027 | 08 मार्च | अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस | महिला सुरक्षा, नेतृत्व, कौशल एवं रोजगार।<br>विस्तृत कार्यवाही: महिलाओं की सुरक्षा, नेतृत्व, कौशल, रोजगार, समान अवसर एवं workplace readiness पर केंद्रित संवाद आयोजित किया जाए।<br>कार्यक्रम में गतिविधि: Women leadership session, self-defence/safety awareness, career counselling, role model interaction और कौशल प्रदर्शनी। | महिला सशक्तिकरण, नेतृत्व, सुरक्षा और रोजगार readiness में वृद्धि। |
| 22 | | 23 मार्च | बलिदान दिवस | भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के योगदान पर कार्यक्रम।<br>विस्तृत कार्यवाही: भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के योगदान, साहस, त्याग और देशभक्ति को युवा जिम्मेदारी से जोड़कर चर्चा की जाए।<br>कार्यक्रम में गतिविधि: श्रद्धांजलि, biography presentation, essay/speech/quiz और देशभक्ति गतिविधि। | देशभक्ति, साहस, जिम्मेदारी और ऐतिहासिक चेतना का विकास। |
| 23 | अप्रैल 2027 | 14 अप्रैल | डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयन्ती | **विस्तृत कार्यवाही:** डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती को उत्सव के रूप में मनाते हुए चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की जाए। उनके जीवन, संघर्ष, सामाजिक समरसता, समानता, शिक्षा एवं संविधान निर्माण में योगदान पर भाषण, वाद-विवाद, लिखित प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी आयोजित की जाए। उत्कृष्ट प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र/पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाए।<br>**गतिविधि:** पुष्पांजलि, भाषण, वाद-विवाद, लिखित प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी तथा उत्कृष्ट प्रतिभागियों का सम्मान। | संवैधानिक मूल्यों, समानता, शिक्षा एवं सामाजिक न्याय के प्रति जागरूकता। |

| क्र० सं० | माह/ अवधि | दिनांक | दिवस/प्रमुख गतिविधि | गतिविधि एवं विस्तृत कार्यवाही/कार्यक्रम | अपेक्षित परिणाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 24 | | 22 अप्रैल | पृथ्वी दिवस | पर्यावरण, energy efficiency एवं sustainable workshop practices। विस्तृत कार्यवाही: पर्यावरण संरक्षण को workshop practices, energy efficiency, material conservation और sustainable maintenance से जोड़ा जाए। कार्यक्रम में गतिविधि: Energy-saving audit, sustainable workshop practices demonstration, poster और green pledge। | ऊर्जा दक्षता, संसाधन संरक्षण और sustainable workshop culture में सुधार। |
| 25 | मई 2027 | 01 मई | अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस | श्रम की गरिमा, श्रमिक अधिकार एवं industrial work culture। विस्तृत कार्यवाही: श्रम की गरिमा, श्रमिक अधिकार, समयपालन, अनुशासन, teamwork, productivity और industrial work culture को प्रशिक्षण से जोड़ा जाए। कार्यक्रम में गतिविधि: Industrial etiquette session, श्रम सम्मान परिचर्चा, workplace case study और teamwork activity। | Industrial discipline, dignity of labour और workplace culture की समझ। |
| 26 | | 11 मई | राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस | स्वदेशी तकनीक, innovation एवं technical project exhibition। विस्तृत कार्यवाही: स्वदेशी तकनीक, आत्मनिर्भरता, innovation, local problem solving और technical projects को प्रोत्साहित किया जाए। कार्यक्रम में गतिविधि: Technology/project exhibition, prototype demonstration, innovation pitch और expert evaluation। | Innovation, indigenous technology और project development में रुचि। |
| 27 | जून 2027 | 05 जून | विश्व पर्यावरण दिवस | स्वच्छ ITI, वृक्षारोपण, waste management एवं energy conservation। विस्तृत कार्यवाही: स्वच्छ ITI, waste segregation, recycling, वृक्षारोपण, जल एवं ऊर्जा संरक्षण के लिए परिसर-स्तरीय action plan बनाया जाए। कार्यक्रम में गतिविधि: स्वच्छता अभियान, waste segregation demo, वृक्षारोपण, energy/water saving drive और green campus inspection। | स्वच्छ एवं हरित ITI, waste management और resource conservation में सुधार। |
| 28 | | 21 जून | अंतरराष्ट्रीय योग दिवस | योग, स्वास्थ्य एवं मानसिक एकाग्रता। विस्तृत कार्यवाही: योग, शारीरिक स्वास्थ्य, श्वसन अभ्यास, एकाग्रता, stress management और स्वस्थ दिनचर्या के महत्व को प्रशिक्षण से जोड़ा जाए। कार्यक्रम में गतिविधि: सामूहिक योग सत्र, breathing exercises, fitness activity और healthy routine awareness। | शारीरिक सक्रियता, एकाग्रता और स्वस्थ दिनचर्या के प्रति जागरूकता। |

| क्र० सं० | माह/ अवधि | दिनांक | दिवस/प्रमुख गतिविधि | गतिविधि एवं विस्तृत कार्यवाही/कार्यक्रम | अपेक्षित परिणाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 29 | जुलाई 2027 | 15 जुलाई | विश्व युवा कौशल दिवस | Skills, employability, industry-ready training एवं apprenticeship। विस्तृत कार्यवाही: Skills, employability, industry-ready competencies, apprenticeship, interview readiness, CV और workplace behaviour पर विशेष career-oriented कार्यक्रम आयोजित किया जाए। कार्यक्रम में गतिविधि: Skill demonstration, industry interaction, apprenticeship counselling, mock interview, CV clinic और job-readiness assessment। | Industry readiness, employability, apprenticeship awareness और job-search skills में वृद्धि। |
| 30 | मई 2027 | सत्र समापन | वार्षिक समापन एवं सम्मान समारोह | Best Trainee, Best Project, Best Attendance एवं अन्य उपलब्धियों का सम्मान। विस्तृत कार्यवाही: सत्र की उपलब्धियों, उत्कृष्ट प्रशिक्षणार्थियों, projects, attendance, skill performance तथा उल्लेखनीय गतिविधियों का समेकित मूल्यांकन कर सम्मान समारोह आयोजित किया जाए। कार्यक्रम में गतिविधि: Annual achievement presentation, Best Trainee/Project/Attendance awards, project exhibition, cultural कार्यक्रम और feedback session। | उत्कृष्ट प्रदर्शन की पहचान, motivation, संस्थागत उपलब्धियों का दस्तावेजीकरण और अगले सत्र के लिए सीख। |
| 31 | प्रत्येक माह के अन्तिम 2 कार्यदिवस | | Trainee Evaluation & Progress Review | Evaluation, Attendance, Assessment एवं Progress की समीक्षा तथा सुधारात्मक कार्य योजना। विस्तृत कार्यवाही: प्रत्येक माह अंतिम 2 कार्यदिवस में attendance, assessment, practical performance, progress, discipline एवं training gaps की समीक्षा कर trainee-wise सुधारात्मक कार्य योजना बनाई जाए। कार्यक्रम में गतिविधि: प्रथम कार्यदिवस- व्यवसाय अनुदेशक प्रशिक्षणार्थियों का Evaluation Form निष्पक्ष रूप से भरकर संस्थान के प्रधानाचार्य को प्रस्तुत करेंगे। द्वितीय कार्य दिवस- प्रधानाचार्य द्वारा अनुदेशकों से प्रशिक्षणार्थियों के Assessment एवं Progress के संबंध में चर्चा की जाएगी तथा अनुदेशकों द्वारा भरे गए Assessment/Evaluation Form का निष्पक्ष रूप से परीक्षण कर उसे अपने मण्डल के संयुक्त निदेशक को प्रस्तुत किया जाएगा। | समय पर learning gaps की पहचान, attendance/performance में सुधार और विशिष्ट कमियों के निवारण हेतु सुधारात्मक कार्यवायी। |

**नोट:** प्रत्येक माह के अंतिम 02 कार्यदिवसों में प्रशिक्षणार्थियों के **Assessment एवं Progress** की समीक्षा की जाएगी। प्रथम कार्यदिवस- व्यवसाय अनुदेशक प्रशिक्षणार्थियों का Evaluation Form निष्पक्ष रूप से भरकर संस्थान के प्रधानाचार्य को प्रस्तुत करेंगे। द्वितीय कार्य दिवस- प्रधानाचार्य द्वारा अनुदेशकों से प्रशिक्षणार्थियों के Assessment एवं Progress के संबंध में चर्चा की जाएगी तथा अनुदेशकों द्वारा भरे गए Assessment/Evaluation Form का निष्पक्ष रूप से परीक्षण कर उसे अपने मण्डल के संयुक्त निदेशक को प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रमों से संबंधित वीडियो क्लिप एवं फोटोग्राफ प्रत्येक संस्थान स्तर पर डिजिटल रूप से संरक्षित रखे जाएंगे तथा निदेशालय द्वारा मांगे जाने पर उपलब्ध कराए जाएंगे। उपर्युक्त खेल प्रतियोगिताओं की दिनांकें संभावित हैं। खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन एवं संचालन से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश पृथक से प्रेषित किए जाएंगे।

समस्त राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण कार्य उपर्युक्त गतिविधियों के अतिरिक्त सामान्यतः पूर्व की भाँति संचालित होता रहेगा। प्रशिक्षणार्थियों के प्रशिक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता संज्ञान में आने पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## EVALUATION FORM FOR TRAINEE

| S. N | Name of Trainee | Attendance/ Total Working Day | Monthly Assessment Marks Obtained | Theory Notes Status | Praetical Work Book Status | Discipline Status | Other Activity | Remark |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |

Signature Of Instructor
Date:

Signature Of Foreman
Date:

| EVALUATION FORM FOR TRAINEE | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. N | Name of Trainee | Attendance/ Total Working Day | Monthly Assessment Marks Obtained | Theory Notes Status | Praetical Work Book Status | Discipline Status | Other Activity | Remark |
| | | | | | | | | |

Signature Of Instructor
Date:

Signature Of Foreman
Date:

| EVALUATION FORM FOR INSTRUCTORS | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S.N | Name of Trainee | Trade | Attendance/ Working Days | Demand of R/m | R/m receive | Status of training Record Other Activity Remark | | | | |
| | | | | | | Attendance | Progressive | R/M register | Tool/eqipt-register | Manufacturing register |
| | | | | | | | | | | |

Signature Of Instructor
Date:

Signature Of Foreman
Date: